प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने **वीर बाल दिवस** के अवसर पर **राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान 17 बच्चों (7 लड़के और 10 लड़कियाँ)** को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (PMRBP) :

- यह बच्चों के लिये भारत का **सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार** है, जो सात श्रेणियों में उनकी **असाधारण उपलब्धियों और क्षमताओं- बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल,** के लिये प्रदान किया जाता है।
- **5-18 वर्ष** की आयु के पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्र के प्रति उनके प्रेरक योगदान के लिये पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नामांकन के पिछले दो वर्षों में किये गए असाधारण कार्यों को मान्यता प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष इन पुरस्कारों का आयोजन किया जाता है ।
- इन पुरस्कारों का उद्देश्य **युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों की उपलब्धियों के लिये अवसर एवं मान्यता** की परंपरा को बढ़ावा देना है ।
    - नक्सल प्रभावित क्षेत्र के **जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग को** खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक से सम्मानित किया गया, जबकि **3 वर्षीय अनीश सरकार** को सबसे कम उम्र के **FIDE-रैंक वाले** शतरंज खिलाड़ी के रूप में मान्यता दी गई है।
- ये उपलब्धियाँ **साहस, नवाचार और समर्पण को दर्शाती हैं तथा वर्ष 2047 तक**, अर्थात भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी **तक राष्ट्र निर्माण के प्रयासों** के लिये आधारशिला का कार्य करेंगी ।

और पढ़ें: प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-rashtriya-bal-puraskar-2024